दिन–मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से फरक्का बराज से उत्पन्न समस्या, नदी की धारा में बदलाव तथा बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात के दौरान इंद्रपुरी जलाशय योजना, सोन–फल्गु नदी जोड़ योजना तथा सारण जिला बाढ़ नियंत्रण एवं जलनिकासी परियोजना को केंद्रीय बजट में शामिल करने की मांग की। बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

————————————————————

नेपाल में आई बाढ़ और बिहार में बढ़ते नदी जलस्तर के बीच पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने लोगों को बाढ़ के पानी से पकड़ी गई मछलियों का सेवन नहीं करने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार, बाढ़ के पानी में मछलियों के सीवेज, मृत पशुओं और अन्य दूषित पदार्थों के संपर्क में आने से इनके जीवाणु, विषाणु और अन्य रोगजनक तत्वों से दूषित होने की आशंका रहती है।

————————————————————

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव दल त्रिशुली–थ्रीए जलविद्युत परियोजना स्थल पर कीचड़ से भरी सुरंगों में फंसे छह सौ से अधिक श्रमिकों तक पहुंचने के लिए तेजी से प्रयास कर रहा है। बचाव दल सुरंगों को साफ करने और जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए विस्फोटकों, भारी मशीनों और एयर पंपों का उपयोग कर रहे हैं। नेपाल के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, नौ सौ उनतालीस लोगों की मौत हो चुकी है और तीन हज़ार नौ सौ पच्चीस लोग लापता हैं। इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि वीरपुर कोसी बराज में सुबह ग्यारह बजे एक लाख नवासी हजार एक सौ पच्चीस क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया। पानी का बहाव फिलहाल स्थिर है।

————————————————————

भारतीय रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर डिवीजन के इक्कीस स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए दो सौ तैंतीस करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह आधुनिक प्रणाली पूरे डिवीजन में रेलवे सिग्नल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। यह स्वदेशी स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा प्रणाली कवच के कार्यान्वयन को सुगम बनाएगी। मंत्रालय ने कहा कि यह इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधुनिक सिग्नलिंग तकनीक है जो पुरानी रिले–आधारित प्रणालियों को कंप्यूटर–आधारित इंटरलॉकिंग से बदल देती है। इससे उच्च विश्वसनीयता, तेजी से त्रुटि निदान, आसान रख–रखाव और बेहतर परिचालन सुनिश्चित होता है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने बिना किसी शुल्क के आयात की गई कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री की समय–सीमा में बदलाव किया है। आयातकों को कच्ची चीनी की खरीद की तारीख से अधिकतम दो महीने के भीतर इसे सफेद चीनी में बदलकर घरेलू बाजार में बेचना अनिवार्य होगा। इससे पहले, यह समय–सीमा इकतीस अक्टूबर निर्धारित की गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अगस्त की शुरुआत में अधिसूचित इससे संबंधित नियमों में संशोधन किया है। सरकार का यह फैसला नवंबर तक आने वाले त्योहारों के मद्देनज़र आया है।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार, राजस्थान और आंध्र प्रदेश में तीन नई विशेष एनआईए अदालतें गठित की हैं। इन अदालतों में उन अपराधों की सुनवाई होगी, जिसकी जांच एनआईए कर रही है। ऐसे अपराधों में आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामले और अन्य गम्भीर मामले शामिल हैं। पटना स्थित जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छब्बीस की अदालत को एनआईए मामले के लिए विशेष न्यायालय संख्या दो के रूप में नामित किया गया है। यह न्यायालय केवल एनआईए द्वारा जांचे गये अपराधों के मुकदमों की सुनवाई करेगा तथा इसका अधिकार क्षेत्र पूरा बिहार होगा।

———————————————————

पटना में आयोजित सातवीं राज्य मांउनटेन साईकिलिंग चैंपियनशिप के सीनियर पुरूष ट्वेंटी किलोमीटर क्रॉस कन्ट्री मास स्टार्ट में कैमूर के राकेश रंजन और महिला वर्ग में बेगूसराय की बबली ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।